खबरों में रहे स्टॉक

एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स



ताइवान के सेमीकंडक्टर साझेदार की खोज के लिए टॉप2 पीटीई के साथ साझेदारी

₹ 70.9 पिछला बंद भाव
₹ 75.0 आज का बंद भाव
5.7 % ▲

टाटा एलेक्सी



पुणे में रेडियोलॉजी नवाचार के लिए बायर विकास केंद्र की शुरुआत

₹ 5,556.9 पिछला बंद भाव
₹ 5,843.5 आज का बंद भाव
5.2 % ▲

एमटीएआर टेक्नॉलजीज

स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 386 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर हासिल किए

₹ 1,412.8 पिछला बंद भाव
₹ 1,472.8 आज का बंद भाव
4.3 % ▲

राजेश पावर सर्विसेज



एचटी नेटवर्क को भूमिगत केबल में बदलने के लिए मिला डीजीवीसीएल का ऑर्डर

₹ 1,417.8 पिछला बंद भाव
₹ 1,427.6 आज का बंद भाव
0.7 % ▲

ममता मशीनरी

9-लेयर ब्लोन फिल्म प्लांट तकनीक के लिए मिला 11.7 लाख डॉलर का निर्यात ऑर्डर

₹ 412.7 पिछला बंद भाव
₹ 478.9 आज का बंद भाव
16.0 % ▲

संक्षेप में

सूमीतोमो ने कोटक बैंक में 1.62 फीसदी हिस्सा बेचा

जापान की सूमीतोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (एसएमबीसी) ने बुधवार को कोटक महिंद्रा बैंक में 1.62 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी। उसने 6,256 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 3.22 करोड़ शेयर 1,940.8 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचे। खरीदारों में कई विदेशी और घरेलू फंड शामिल थे। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 0.7 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,973.4 रुपये पर बंद हुआ। जून के अंत में कोटक महिंद्रा बैंक में एसएमबीसी की हिस्सेदारी 1.65 प्रतिशत थी। *बीएस*

अमेरिकी व्यापार की आस से टेक्सटाइल शेयर चढ़े

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बीच व्यापार वार्ता फिर से शुरू करने पर सहमति बनने के बाद बुधवार को कपड़ा क्षेत्र के शेयरों में उछाल दर्ज हुई। पिछले महीने ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ 50 फीसदी कर दिया था। यह भारत द्वारा रूसी तेल की निरंतर खरीद के लिए दंड था, जिसका असर भारत के परिधान निर्यातकों पर पड़ा। टैरिफ में कोई भी कटौती उन निर्माताओं के लिए संजीवनी साबित होगी, जो अमेरिकी ऑर्डर पर निर्भर हैं। वेलस्पन लिविंग और वर्धमान टेक्सटाइल्स में 8 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई जबकि गोकलदास एक्सपोर्ट्स और काइटेक्स गारमेंट्स में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। *बीएस*

ई20 ईंधन विवाद पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा ...

पेट्रोल लॉबी 'अमीर व मजबूत'

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 10 सितंबर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज कहा कि ई20 ईंधन, जिसमें 80 प्रतिशत पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जाता है, की सोशल मीडिया पर हालिया आलोचना 'पेट्रोल लॉबी' द्वारा प्रायोजित 'दुष्प्रचार' है। यह लॉबी 'अमीर और मजबूत' है। वह फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) की ओर से आयोजित वार्षिक ऑटो रिटेल कॉन्क्लेव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

हाल के सप्ताहों में सोशल मीडिया पर इस चिंता पर बहस छिड़ी हुई है कि ई20 ईंधन वाहनों के माइलेज और इंजन की दक्षता पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। इस मसले पर गडकरी ने कहा, 'हर जगह लॉबी होती हैं। हित होते हैं। आप (फाडा) भी उन लॉबी में से एक हैं। हम आपसे समर्थन की उम्मीद कर रहे है। सोशल मीडिया पर कुछ दुष्प्रचार चल रहा है। यह कुछ लोगों द्वारा प्रायोजित है। पेट्रोल लॉबी बहुत अमीर और मजबूत है।'

12 अगस्त को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा था कि ईंधन दक्षता में कमी संबंधी चिंताएं 'निराधार' हैं और ई-0 ईंधन पर वापसी का विकल्प प्रदूषण और ऊर्जा परिवर्तन के संबंध में 'कड़ी मेहनत से हासिल की गई उपलब्धियों को गंवाना' होगा। गडकरी ने बुधवार को भारतीय वाहन उद्योग में हाल ही में दुर्लभ खनिज मैग्नेट की कमी और कुछ साल पहले सेमीकंडक्टर चिप की कमी को लेकर भी बात की। ये दोनों ही कमियां मुख्य रूप से इन सामग्रियों के लिए भारत की चीन पर निर्भरता के कारण पैदा हुई थीं।

मंत्री ने कहा, 'पहले स्थिति अच्छी नहीं थी। आज हमने भारत में सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन शुरू कर दिया है। इसी तरह हमारी स्टार्टअप अब बैटरी केमिस्ट्री - सोडियम आयन बैटरी, लीथियम आयन बैटरी, जिंक आयन बैटरी, एल्युमीनियम आयन बैटरी आदि पर काम कर रहीं हैं। ये स्टार्टअप अच्छा अनुसंधान कर रही हैं।'

वैकल्पिक ईंधन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर सरकार के जोर दिए जाने के बीच पेट्रोल और डीजल वाहनों के भविष्य के संबंध में गडकरी ने कहा, 'लोग मुझसे पूछते रहते हैं कि आप सभी वैकल्पिक ईंधनों और जैव ईंधनों का समर्थन करते रहते हैं। लोगों के मन में इस बात का भ्रम है कि अब सभी प्रकार के विकल्प मौजूद हैं, तो क्या होने वाला है? आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है।'

इन्वेंट्री प्रबंधन के लिए 'वाहन' पर ध्यान

सोहिनी दास
नई दिल्ली, 10 सितंबर

मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) अगले साल जनवरी तक उत्पादन और डीलरों को गाड़ियों की आपूर्ति का अनुमान लगाने के लिए 'वाहन' आधारित सिस्टम को अपना सकते हैं। वाहन उद्योग के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। वाहन पोर्टल कार रजिस्ट्रेशन डेटा या जमीनी स्तर पर वास्तविक बिक्री को ट्रैक करता है। डीलरों के पास अनबिके वाहनों का स्टॉक बढ़ने से रोकने की दिशा में यह महत्त्वपूर्ण कदम होगा। इससे डीलर इन्वेंट्री के हिसाब से वाहनों की आपूर्ति करने में मदद मिलेगी।

वर्तमान में यात्री वाहन डीलरों के पास 6 लाख गाड़ियों का स्टॉक है क्योंकि वस्तु एवं सेवा कर में कटौती की घोषणा के बाद बिक्री धीमी हो गई है। ज्यादा संख्या में अनबिके वाहनों का स्टॉक होने के कारण रिटेलरों को कार्यशील पूंजी की दिक्कत हो रही है।

7वें फाडा ऑटो रिटेल कॉन्क्लेव में ह्युंडै मोटर इंडिया के निदेशक और सीओओ (सेल्स, मार्केटिंग, सर्विस एवं प्रोडक्ट स्ट्रैटजी) तरुण गर्ग ने कहा, 'मुझे बताया गया है कि तेलंगाना भी इसमें शामिल हो रहा है जिससे अगले साल जनवरी तक सभी ओईएम वाहन (आधारित सिस्टम) को अपनाना शुरू कर सकते हैं।'

अधिकतर ओईएम उत्पादन के लिए अपना अनुमान थोक आपूर्ति (डीलरों को आपूर्ति) के आधार पर करते हैं। तेलंगाना जैसे बड़े राज्य वाहन पोर्टल का हिस्सा नहीं था। मारुति सुजूकी इंडिया ने प्रस्ताव दिया है कि वाहन नंबरों को बेंचमार्क बनाया जाना चाहिए और इसकी प्रतिस्पर्धी टाटा मोटर्स ने भी इस साल की शुरुआत में संकेत दिया था कि थोक आपूर्ति में इष्टतम स्तर की इन्वेंट्री के लिए वाहन डेटा और वाहन बाजार हिस्सेदारी पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन के सेल्सफोर्स एक्सीलेंस के प्रमुख अनिल शेखर ने कहा कि लगभग तीन साल पहले उन्होंने डीलरों के लिए अपने परफॉर्मेंस मानदंड को वाहन बाजार हिस्सेदारी में बदल दिया था। उन्होंने कहा, 'डीलरों को प्रोत्साहन वाहन बाजार हिस्सेदारी से जुड़े हैं। यह ओईएम द्वारा डीलरों को गाड़ियां भेजने की तुलना में बेहतर है और उद्योग इन्वेंट्री को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए तकनीक आधारित उपकरणों का उपयोग कर रहा है।

शेखर ने फाडा सम्मेलन में कहा, 'हम उस डेटा का उपयोग अपने उत्पादन प्रबंधन में करते हैं और हमारे पास कमर्शियल व्हीकल्स के लिए बहुत सख्त इन्वेंट्री मैनेजमेंट है।'वाहन डीलरों का संगठन फाडा कुछ समय से अत्यधिक इन्वेंट्री का मुद्दा उठा रहा है। फाडा के प्रेसिडेंट सीएस विघ्नेश्वर ने कहा कि डीलर की व्यवहार्यता उद्योग की व्यवहार्यता के बराबर है।

फंडामेंटम के फंड ने दिया 35% रिटर्न

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 10 सितंबर

इन्फोसिस के सह-संस्थापक और आधार के शिल्पी नंदन नीलेकणी द्वारा सह-स्थापित वेंचर कैपिटल फर्म फंडामेंटम पार्टनरशिप का कहना है कि उसका प्रमुख ग्रोथ फंड 35 प्रतिशत की दर से आंतरिक रिटर्न दे रहा है। इस प्रदर्शन ने कंपनी को दोतरफा निवेश रणनीति अपनाने के लिए प्रेरित किया है। इसका लक्ष्य देश में कम सेवा वाले बड़े बाजार और उभरता आर्टिफिशल इंटेलिजेंस क्षेत्र है।

फर्म का फंड 2 साल 2022 में पेश किया गया था। यह देश में ग्रोथ स्टेज वाले ज्यादातर फंडों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है क्योंकि देश का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व हो रहा है। इस प्रदर्शन ने फंडामेंटम को सीरीज बी दौर और डीप-टेक्नॉलजीज उद्यमों के लिए समर्पित टीमों के बीच अपनी निवेश रणनीति विभाजित करने के लिए प्रेरित किया है। फंडामेंटम के सह-संस्थापक और जनरल पार्टनर नंदन नीलेकणी ने कहा, 'हम फंडामेंटम ब्रांड के तहत दो-आयामी रणनीति के साथ अगला कदम उठाने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, 'भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है। हम विकास के दौर वाली कंपनियों के तेजी से विस्तार और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी एआई तथा डीपटेक उद्यमों का विकास दोनों ही देख रहे हैं।'

फंडामेंटम फंड 2 से नए निवेश जारी रखेगा और मौजूदा पोर्टफोलियो का सक्रिय रूप से समर्थन भी करेगा क्योंकि कंपनियों विकास के अपने अगले चरण में आगे बढ़ रही हैं। । फंडामेंटम अपने ब्रांड के तहत दो-आयामी रणनीति के साथ अपने निवेश प्लेटफॉर्म का विस्तार कर रहा है और इन अवसरों में समर्पित विशेषज्ञता अपना रहा है।

स्केल-अप सेक्टर-एग्नोस्टिक इन्वेस्टिंग रणनीति की अगुआई सह-संस्थापक और जनरल पार्टनर संजीव अग्रवाल करेंगे। भारतीय वेंचर कैपिटल का परिदृश्य शुरुआती चरणों में भीड़भाड़ वाला है और बाद के चरणों में वैश्विक ग्रोथ फंडों का दबदबा है। अलबत्ता स्केल-अप सीरीज बी क्षेत्र को अब भी विशेषज्ञ निवेशकों की कम सेवा मिल रही है। एआई और डीपटेक रणनीति का नेतृत्व सह-संस्थापक और जनरल पार्टनर आशीष कुमार करेंगे।

संजय कपूर की पत्नी प्रिया को सभी संपत्तियों का खुलासा करने का निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिवंगत कारोबारी व सोना कॉमस्टार के पूर्व चेयरमैन संजय कपूर की पत्नी प्रिया कपूर को 12 जून तक की सभी चल-अचल संपत्तियों की सूची मुहैया कराने का निर्देश दिया। अभिनेत्री करिश्मा कपूर के बच्चों की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि अब इस मामले की सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी। संजय कपूर से विवाह के बाद अभिनेत्री करिश्मा कपूर के दो बच्चे समायरा और कियान राज पैदा हुए थे। दंपती के बीच साल 2016 में तलाक हो गया और फिर संजय ने प्रिया से विवाह किया।

समायरा और कियान राज ने हाई कोर्ट में अपनी याचिका में संजय कपूर की वसीयत के तौर पर पेश दस्तावेज की प्रामाणिकता पर सवाल उठाया है, जिसमें कथित तौर पर दोनों बच्चों का नाम शामिल नहीं है। उन्होंने संजय कपूर की संपत्ति में भी हिस्सा मांगा है। बच्चों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने वसीयत की वैधता और उसके सामने आने वाली परिस्थितियों पर सवाल उठाए। उन्होंने संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने की मांग की।

हालांकि, न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने इस स्तर पर परिसंपत्तियों पर यथास्थिति लागू करने से इनकार कर दिया और सभी पक्षों से जवाब मांगा।

प्रिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने तर्क दिया कि यह मुकदमा स्वयं में विचारणीय नहीं है तथा उन्होंने बताया कि बच्चों समायरा और कियान (करिश्मा के बच्चे) को रानी कपूर (आरके) ट्रस्ट के माध्यम से पहले ही 1,900 करोड़ रुपये की संपत्ति प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा, वादी इस मुकदमे के दायर होने से कुछ दिन पहले ही हस्तांतरित संपत्ति के लाभार्थी रहे हैं। उन्होंने संजय की जीवित पत्नी के रूप में प्रिया की स्थिति पर जोर देते हुए ये बातें कही।

दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर सोना कॉमस्टार के मानद चेयरमैन थे। इसी साल जून में लंदन में पोलो मैच खेलते समय दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था। अभिनेत्री करिश्मा कपूर से उनकी शादी से हुए उनके बच्चों ने विरासत में हिस्सा मांगा है और साथ ही उस वसीयत को भी चुनौती दी है, जिसमें कथित तौर पर सारी संपत्ति उनकी सौतेली मां प्रिया कपूर के नाम कर दी गई है। *बीएस*

भारत तेजी से बढ़ते ईवी बाजारों में : कुमारस्वामी

केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि भारत अब दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजारों में से एक है। वित्त वर्ष 2024-25 में देश में 10 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन बेचे गए। कुमारस्वामी ने कहा कि भारत का वाहन उद्योग परिवर्तन की दहलीज पर है, जो पेट्रोल, डीजल से स्वच्छ परिवहन की ओर तथा घरेलू बाजार से वैश्विक आकांक्षाओं की ओर बढ़ रहा है। कुमारस्वामी ने कहा, 'वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में 10 लाख से अधिक ईवी बेचे गए, जिसमें इलेक्ट्रिक दोपहिया की बिक्री में 21 प्रतिशत और इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की बिक्री में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत अब दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन बाजारों में से एक है।' *भाषा*

अर्बन कंपनी के आईपीओ को 3 गुना आवेदन

टेक स्टार्टअप अर्बन कंपनी का 1,900 करोड़ रुपये का आईपीओ खुलने के कुछ ही घंटों में भर गया। पहले दिन आईपीओ को (जिसके जरिये कंपनी 472 करोड़ रुपये की नई पूंजी जुटा रही है) को करीब तीन गुना से अधिक आवेदन मिले। खुदरा श्रेणी में पहले ही प्रस्तावित शेयरों की तुलना में सात गुना ज्यादा मांग आ चुकी है। टाइगर ग्लोबल समर्थित अर्बन कंपनी एक ऐसा मार्केटप्लेस है जो ग्राहकों को ब्यूटी, क्लीनिंग, प्लंबिंग, जैसी सेवाएं देने वाले पेशेवरों से जोड़ता है। *बीएस*

गेम्स 24X7 निकालेगी 70% कर्मी

डिजिटल गेमिंग कंपनी गेम्स24X7 ने सभी प्रकार के पैसा आधारित ऑनलाइन गेम पर सरकार के प्रतिबंध के बाद लगभग 70 प्रतिशत यानी लगभग 500 कर्मचारियों की छंटनी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी को भेजे गए ई-मेल का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला। इस घटनाक्रम से अवगत सूत्र ने बताया, 'गेम्स24X7 में करीब 700 से 750 कर्मचारी थे। कंपनी अब उनमें से करीब 70 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रही है। करीब 500 लोग प्रभावित हो सकते हैं।' *भाषा*

हायर सौदे से मित्तल ने खींचा हाथ

देव चटर्जी और शार्लीन डिसूजा
मुंबई, 10 सितंबर

अरबपति उद्योगपति सुनील भारती मित्तल का परिवार कार्यालय (फैमिली ऑफिस) हायर अप्लायंसेज (इंडिया) में 49 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ से पीछे हट गया है। कंपनी के मूल्यांकन पर सहमति नहीं होने की वजह से बात नहीं बन पाई।

चीन की प्रवर्तक कंपनी हायर ग्रुप लगभग 2 अरब डॉलर (17,100 करोड़ रुपये) का मूल्यांकन चाह रही थी। हालांकि मामले की जानकारी रखने वाले दो लोगों ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर कहा कि हायर को जो बोलियां मिलीं, वे काफी कम थीं। हायर को लगभग 60 करोड़ डॉलर की पेशकश की गई थी जो मांग से काफी कम थी।

इस बारे में जानकारी के लिए भारती समूह और हायर ग्रुप (चीन) दोनों को मंगलवार को हमने ईमेल भेजे मगर खबर लिखे जाने तक जवाब नहीं आया।

इस बीच एक सूत्र ने बताया कि कोरियाई इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया मूल्यांकन में गिरावट आने के कारण अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का आकार 15,000 करोड़ रुपये से घटाकर लगभग 12,000 से 13,000 करोड़ रुपये कर सकती है। कोरियाई कंपनी की निर्गम में पहले 15 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की योजना थी मगर अब कंपनी उससे कम हिस्सा बेच सकती है।

सूत्रों ने कहा कि हायर इंडिया शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने पर भी विचार कर सकती है मगर अभी तक इस बारे में कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। चीनी कंपनी कई महीनों से अपनी हिस्सेदारी बेचने की संभावना तलाश रही है लेकिन अभी तक बात नहीं बन पाई है। उसने भारत के सबसे बड़े समूह



मित्तल का फैमिली ऑफिस हायर में 49 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की बातचीत से पीछे हट गया

रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ भी प्रारंभिक बातचीत की थी।

प्रस्तावित सौदा चीनी फर्मों द्वारा भारत में अपनी हिस्सेदारी कम करने की रणनीति का हिस्सा था। पिछले साल चीन की वाहन कंपनी एसएआईसी मोटर ने एमजी मोटर इंडिया में बहुलांश हिस्सेदारी सज्जन जिंदल समूह को बेचने का करार किया था। मई में एंट ग्रुप ने थोक सौदे के माध्यम से पेटीएम में अपनी 24.6 करोड़ डॉलर की हिस्सेदारी बेच दी।

हायर ने साल 2004 में भारतीय बाजार में प्रवेश किया था और फिलहाल रेफ्रिजरेटर सेगमेंट में उसकी 14 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा वॉशिंग मशीन, टेलीविजन और एयर कंडीशनर में भी कंपनी अपनी पैठ बनाने में लगी है।

वर्ष 2023 में कंपनी को 155.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था जबकि 2022 में उसे 63.5 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था। 2023 में कंपनी की कुल बिक्री 6,305.5 करोड़ रुपये रही थी जो 2022 में 5,429 करोड़ रुपये थी।

शोध फर्म स्टैटिस्टा के अनुसार भारत में होम अप्लायंसेज का बाजार 2025 में 64.3 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है और 2030 तक इसके सालाना 7.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है।

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that the below mentioned Authorised Person is no longer affiliated as Authorised Person of Kotak Securities Limited.

Authorised Person Name	Trade Name	Exchange Registration Numbers of Authorised Person	Address of Authorised Person
KAVYA DODANI	KAVYA DODANI	NSE - AP0291567671	Ward No 15 Near Kali Mata Mandir Nai Abadi Purana Narsinghpur Naka Chhindwara Chhindwara 480001

Please note that above mention Authorised Person (AP) is no longer associated with us. Any person henceforth dealing with above mention AP should do so, at their own risk. Kotak Securities Ltd. shall not be liable for any such dealing. In case of any queries for the transactions till date, Investors are requested to inform Kotak Securities Ltd. within 15 days from the date of this notification, failing which it shall be deemed that there exists no queries against the above mentioned AP.

kotak Kotak Securities Limited. Registered Office: 27 BKC, C 27, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400051. CIN: U99999MH1994PLC134051, Telephone No.: +22 43360000, Fax No.: +22 67132430. Website: www.kotak.com / www.kotaksecurities.com. Correspondence Address: Infinity IT Park, Bldg. No 21, Opp. Film City Road, A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400097. Telephone No: 42856825. SEBI Registration No: INZ000200137 (Member of NSE, BSE, MSE, MCX & NCDEX), AMFI ARN 0164, PMS INP000000258, and Research Analyst INH000000586. NSDL/CDSL: IN-IN-DP-629-2021. Compliance Officer Details: Mr. Hiren Thakkar Call: 022 - 4285 8484, or Email: ks.compliance@kotak.com.

MANAPPURAM HOME FINANCE LTD.

मणप्पुरम होम फाइनैंस लिमिटेड
पूर्व में मणप्पुरम होम फाइनैंस प्रा. लि.
CIN: U65923KL2010PLC039179
पंजीकृत कार्यालयः IV/470ए (पुराना) डब्ल्यु/638ए (नया) मणप्पुरम हाउस वलपड त्रिशूर, केरल 680567
कॉरपोरेट कार्यालयः मणप्पुरम होम फाइनैंस लिमिटेड, तीसरी मंजिल, यूनिट नं. 301 से 315, ए विंग, 'कनकिया वॉल स्ट्रीट', अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400093, महाराष्ट्र,
दूरभाष नं. 022-66211000, **वेबसाइटः** www.manappuramhomefin.com

कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, **मणप्पुरम होम फाइनैंस लिमिटेड ("MAHOFIN")** के अधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन **"[अधिनियम]**, 2002 (2002 का 54) के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग के तहत एक **मांग नोटिस जारी** की थी, जिसमें कर्जदारों तथा सह-कर्जदारों को इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अंदर सूचना में उल्लेखित रकम के साथ उस पर ब्याज की रकम चुकता करने को कहा गया था। कर्जदार द्वारा रकम चुकता करने में विफल होने के कारण, एतद्द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित **"[अधिनियम]** की धारा 13(4) के साथ पठित कथित नियमों के नियम 9 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग के तहत यहां नीचे उल्लेखित सम्पत्ति पर **प्रतीकात्मक** कब्जा कर लिया है। एतद्द्वारा विशेष रूप से कर्जदार तथा आम तौर पर जनसाधारण को संबंधित सम्पत्ति के संबंध में कोई भी सौदा नहीं करने हेतु सतर्क किया जाता है तथा इस सम्पत्ति के साथ कोई भी सौदा प्रत्येक संबंधित सम्पत्तियों के समक्ष नीचे उल्लेखित रकम के लिए मणप्पुरम होम फाइनैंस लिमिटेड के प्रभार का विषय होगाः

क्र. सं.	कर्जदार तथा सह-कर्जदार का नाम तथा ऋण खाता संख्या/ शाखा	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति जिसके लिए हित किया गया है, का विवरण	भेजी मांग नोटिस की तारीख एवं बकाया रकम	कब्जा की तारीख
1	रिकू अनुप सिंह /MHL00550044929/ यशवंत निवास इंदौर	मकान सं. 187, पटवारी हल्का सं. 18, सरल सं. 2326, कुल क्षेत्रफल 1440 वर्ग फीट, ग्राम चयनमैना, तहसील सोनकच्छ एवं जिला देवास, नागेश्वर मंदिर, डाकघर-तालोद, देवास, मध्य प्रदेश, पिनः 455118। पूर्व-राम सिंह का मकान, पश्चिम-3 फीट रास्ता, दक्षिण-सड़क, उत्तर-5 फीट रास्ता।	11-06-2025 एवं रु. 217207/-	06-09-2025

तारीखः 11 सितम्बर, 2025 । स्थानः मध्यप्रदेश **हस्ता/- अधिकृत अधिकारी मणप्पुरम होम फाइनैंस लि.**

muthoot HOUSING FINANCE

मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः टीसी नं. 14/2074-7, मुथूट सेंटर, पुन्नेन रोड, तिरुवनंतपुरम-695034,
CIN नं. U65922KL2010PLC025624, कॉर्पोरेट कार्यालयः 12/ए 01, 13वीं मंजिल, पैरिनी क्रेस्केंजो, प्लॉट नंबर सी38 और सी39, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स-जी ब्लॉक (पूर्व), मुंबई-400051 दूरभाष नं. 022-62728517
ईमेल आईडी: authorized.officer@muthoot.com

परिशिष्ट-IV (नियम 8(1) कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एंव प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट 2002 (2002 का एक्ट नं. 54) के तहत **मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित **उधारकर्ताओं**/ गारंटरों को निम्नलिखित दिनांकों को एक डिमांड नोटिस जारी किया था, जिसमें सूचना में उल्लेखित बकाया राशि उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने का कहा गया था। उधारकर्ता/गारंटर राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 (4), उक्त नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियो के इस्तेमाल के अन्तगर्त कब्जा निम्नलिखित दिनांक को ले लिया है।

क्र. सं.	उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ गारंटर का नाम	मांग सूचना की तिथि	कुल बकाया राशि (रु.) और लागू भविष्य का ब्याज	कब्जा की तिथि
1	लैन नंबर MHFLPROUJN000005017835 1. मोद सिंह, 2. सोनाबाई	18 फरवरी 2025	रु. 12,21,496.60/- दिनांक 15 फरवरी 2025 तक	06 सितम्बर 2025

सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति का विवरणः- अचल संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि आवासीय भवन संख्या 29, प.ह. नंबर 35, नया प.ह. नं. 125, वार्ड संख्या 08, ग्राम यशवंतगढ़, तहसील - तराना, जिला - उज्जैन - मध्य प्रदेश - 456770, आकारः लंबाई 80 फीट, चौड़ाई 15 फीट के अंतर्गत प्लॉट का कुल आकार - 1200 वर्ग फीट, यानी 181.48 वर्ग मी. उक्त संपत्ति का निर्मित क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट (111.48 वर्ग मीटर) आवासीय आरसीसी भवन भूतल पर निर्मित दस्तावेज के अनुसार सीमाः पूर्वः मायाराम जी का पुराना मकान पश्चिमः हिंदू सिंह का मकान उत्तरः निजी खाली जगह दक्षिणः आम सड़क, स्थल के अनुसार सीमाः पूर्वः फूल सिंह पुत्र मायारामजी का मकान, पश्चिमः करण सिंह पुत्र हिंदू सिंह का मकान, उत्तरः खुली जमीन दक्षिणः सड़क

उधारकर्ताओं/गारंटरों को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** के प्रभार वास्ते मांग राशि और भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।

स्थानः मध्य प्रदेश, तिथिः 11.09.2025 **हस्ता/- प्राधिकत अधिकारी, मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**

Mahindra FINANCE

पंजीकृत कार्यालय : गेटवे बिल्डिंग, अप्पोलो बंदर, मुबई – 400 001
कॉर्पोरेट कार्यालय : बी विंग, तीसरा तल, अगस्त्या कॉर्पोरेट पार्क,पिरामल अमिटी बिल्डिंग, कमानी जंक्शन, कुरला वेस्ट, मुंबई– 400 070

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना [8(6)]

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम,2002(''सरफैसी अधिनियम'') के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)नियमों, 2002 (''नियमों '') के नियम 8(6)के तहत बैंक को प्रभारित अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकता, गारंटर(रों) और बंधककर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति(समग्र रूप से ''संपत्ति'' से संदर्भित) (''प्रत्याभूत ऋणदाता/एनबीएफसी'') महिंद्रा एण्ड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड को गिरवी/बंधक रखी गई है, जिसका कब्जा सरफैसी अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पठित नियमों, जैसा की नीचे वर्णित है, के तहत बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को बैंक के बकाया देय ब्याज सहितनिम्न वर्णित नियमों 8 और 9 के तहत निम्न ई–नीलमी अनुसूची अनुसार बोली बुलाकर वसूली के लिए ''जो है जैसा है'', ''जो है जहां है'',''वहां जो कुछ भी है'' और '' दायित्व रहित आधार'' पर बेचा जाएगा।

पार्टियों , बकाया देय और संपत्ति का संक्षिप्त विवरण

| उधारकर्ता (ओं) बंधककर्ता(ओं) का नाम | मांग राशि, मांग सूचना दिनांक और क